पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

—————

राजभवन में नवरात्रि के चतुर्थ दिन भी गरबा कार्यक्रम आयोजित

—————

आराधकों में गरबा कार्यक्रम का दिखा उत्साह

—————

लखनऊ : 18 अक्टूबर, 2023

शारदीय नवरात्रि एवं गरबा महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर आज राजभवन में राज्यपाल जी द्वारा माँ दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। आज के कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल नंदी, राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग श्रीमती रजनी तिवारी, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय श्री आलोक कुमार राय व अन्य गणमान्य सम्मिलित हुए।

15 अक्टूबर से राजभवन में चल रहे नवरात्र महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर आज आराधकों द्वारा गरबा नृत्य की उत्साहपूर्ण प्रस्तुति की गई। आराधकों द्वारा गुजरात के लोकगीत सनेडो पर भी नृत्य की प्रस्तुति हुई। राज्यपाल जी द्वारा इस अवसर पर आराधकों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अध्यासित, विश्वविद्यालय के अध्यापकगण, छात्र–छात्राएँ व उम्मीद संस्था के बच्चे तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361